# मध्यप्रदेश विधान सभा

क्रमांक-1

# संक्षिप्त कार्य विवरण

## पत्रक भाग-एक

**सोमवार, दिनांक 16 नवम्बर, 2009 (कार्तिक 25, 1931)**

**विधान सभा पूर्वाह्न 10.32 बजे समवेत हुई.**

**अध्यक्ष महोदय (श्री ईश्वरदास रोहाणी) पीठासीन हुए.**

### 1. राष्ट्रगीत

सदन की कार्यवाही राष्ट्रगीत "वन्दे मातरम्" के गायन से प्रारम्भ हुई.

### 2. आंग्ल-भारतीय समुदाय को मध्यप्रदेश राज्य की विधान सभा में प्रतिनिधित्व संबंधी अधिसूचना को पटल पर रखी जाना

प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश विधान सभा ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 333 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में महामहिम राज्यपाल, मध्यप्रदेश द्वारा आंग्ल-भारतीय समुदाय के प्रतिनिधि को विधान सभा के सदस्य के रूप में नाम-निर्देशित किये जाने विषयक विधि और विधायी कार्य विभाग की अधिसूचना क्रमांक 15/56/04/21-ब (दो), दिनांक 3 नवम्बर, 2009 पटल पर रखी।

### 3. शपथ

निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-13 गोहद (अ.जा.) से श्री रणवीर जाटव तथा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-120 तेन्दूखेड़ा से श्री भैयाराम पटेल, जो उपचुनाव में सदस्य निर्वाचित हुए हैं, ने शपथ ली, सदस्यों की नामावली में हस्ताक्षर किए और सभा में अपना स्थान ग्रहण किया।

### 4. निधन का उल्लेख

अध्यक्ष महोदय द्वारा श्री प्यारेलाल खण्डेलवाल, संसद सदस्य, श्री शेर सिंह, भूतपूर्व केन्द्रीय मंत्री, श्री राव बीरेन्द्र सिंह, भूतपूर्व केन्द्रीय मंत्री, श्री कालीचरण शर्मा, भूतपूर्व संसद सदस्य, सर्वश्री शिव प्रसाद शर्मा, शोभाराम पटेल, ज्ञानेन्द्र सिंह, फूलचंद बाफना, तारासिंह वियोगी, कचरूलाल जैन एवं डॉ. चेतन सिंह वर्मा, भूतपूर्व सदस्यगण विधान सभा तथा श्री प्रभाष जोशी, वरिष्ठ पत्रकार के निधन पर शोकोद्‌गार व्यक्त किये गये।

श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री, श्रीमती जमुना देवी, नेता प्रतिपक्ष, सर्वश्री रामलखन सिंह, लक्ष्मण तिवारी, पारस सकलेचा, सदस्यगण ने भी शोकोद्‌गार व्यक्त किये।

सदन द्वारा शोकाकुल परिवारों के प्रति सहानभूतिपूर्वक हार्दिक संवेदना प्रकट की गई तथा दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

दिवंगतों के सम्मान में पूर्वाह्न 11.03 बजे विधान सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 17 नवम्बर, 2009 (कार्तिक 26, 1931) के पूर्वाह्न 10.30 बजे तक स्थगित की गई।

**डॉ. ए.के.पयासी**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा.**